100 Years 1920-2020
University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

University in News on 11 September 2022

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : अब छात्रावासों की पूरी प्रक्रिया आनलाइन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने किया हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम का शुभारंभ, घर बैठे ही कर सकेंगे आवेदन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अब छात्रावास आवंटन के लिए इधर-उधर दौड़ लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब पूरी प्रक्रिया आनलाइन रहेगी। घर बैठे ही छात्र-छात्राएं छात्रावास के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवंटन होने की जानकारी आनलाइन मिलेगी। फीस भी आनलाइन ही जमा होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को मैत्री भवन में 'हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम' का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में यह पहली बार है कि छात्रों को आसानी से पंजीकरण करने और छात्रावास की सुविधाओं के बेहतर ढंग से उपयोग करने में मदद करने के लिए, आनलाइन पोर्टल बनाया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम का शुभारंभ किया ● सौजन्य से लवि

एक क्लिक पर हर छात्र की जानकारी : अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने बताया कि अभी तक छात्रावास के लिए, आफलाइन फार्म भरने, आवंटन के बाद फीस काउंटर पर जमा करनी होती थी। अब हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत सभी छात्रावास की सूची आनलाइन रहेगी। इसके चयन के लिए, आवेदन से लेकर फीस जमा करने, कमरे का आवंटन सहित सब कुछ आनलाइन होगा। पोर्टल सिस्टम पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान छात्रों की जानकारी एकत्र करेगा। छात्रों को छात्रावास चुनने के लिए सारी जानकारी देगा। आवंटन के दौरान आनलाइन प्रणाली हर छात्र के लिए, छात्रावास, कमरा संख्या, प्रोवोस्ट का नाम और शुल्क का विवरण प्रदान करेगी। छात्र-छात्रा प्राथमिकताएं दे सकेंगे। इस पोर्टल के माध्यम से छात्रावास सुविधा का उपयोग करने वाले छात्रों का संगठित रिकार्ड भी रखा जा सकेगा।

17 छात्रावासों में 2500 सीटें : लवि में दोनों परिसर मिलाकर कुल 17 छात्रावास हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक सहित 10 लड़कों व सात लड़कियों के लिए हैं। इसकी आवंटन क्षमता लगभग 2500 सीटों की हैं। आनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदकों को मेरिट के आधार पर छात्रावास की सीटें आवंटित की जाएंगी। (रैंक एवं प्रतिशत) अधिकतम शैक्षणिक विषयों को प्रतिनिधित्व देते हुए सभी जानकारी अब उपलब्ध होगी। पोर्टल लांच के मौके पर कुलसचिव संजय मेधावी, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी व अन्य उपस्थित रहे।

क्रिश्चियन कालेज : बीएससी गणित, बीए की मेरिट जारी

लवि ने शनिवार को बीएससी गणित और बीए में दाखिले के लिए मेरिट सूची जारी कर दी। क्रिश्चियन कालेज के प्राचार्य डा. डीजे गोडिन ने बताया कि बीएससी गणित के लिए काउंसिलिंग 13 व बीए रेगुलर की 460 सीटों पर 14 सितंबर से काउंसिलिंग होगी।

नेशनल पीजी कालेज : बीएससी गणित की बची 50 सीटों पर 12 सितंबर को सुबह 10 से 11 बजे तक काउंसिलिंग कराई जाएगी। फिर बीएससी बायो ग्रुप की काउंसिलिंग कराई जाएगी।

परिणाम जारी : लवि ने शनिवार को स्नातक व परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के कई विषयों के परिणाम जारी किए। इसमें बीएससी एग्रीकल्चर आनर्स, एम एंथ्रोपोलाजी, पीजी डिप्लोमा गर्भ संस्कार, एमपीएच पब्लिक हेल्थ, एमएससी माइक्रोबायोलाजी, एमएससी स्टेटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं।

बीवीए की 12, बीकाम आनर्स की परीक्षाएं 16 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय बीकाम आनर्स द्वितीय सेमेस्टर सहित परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों का कार्यक्रम जारी कर दिया। बीवीए टेक्सटाइल डिजाइन द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 12, 13, एमवीए टेक्सटाइल डिजाइन द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 14 से 16 सितंबर तक होंगी। इसके अलावा मास्टर आफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट द्वितीय सेमेस्टर 14 से 28 सितंबर, बैचलर आफ लाइब्रेरी एवं इंफार्मेशन साइंस द्वितीय सेमेस्टर-14 से 26 सितंबर तक आयोजित की जाएंगी। विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

लवि की परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, लेकिन कई कोर्स के परीक्षा कार्यक्रम शनिवार को भी जारी किए गए। इनमें एमए डिफेंस स्टडीज द्वितीय सेमेस्टर 14 से 27 सितंबर, एमए उर्दू द्वितीय सेमेस्टर 14 से 27 सितंबर, बीवोक रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलाजी द्वितीय सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) 14 से 28 सितंबर, बीबीए टूरिज्म द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षा 16 से 26 सितंबर, ओल्ड कोर्स की परीक्षा 16 से 26 सितंबर, एमए संस्कृत द्वितीय सेमेस्टर (सीबीसीएस) 16 से 27 सितंबर, एमए संस्कृत द्वितीय सेमेस्टर ओल्ड कोर्स 16 से 26 सितंबर तक होंगी। इसी तरह बीकाम आनर्स द्वितीय सेमेस्टर 16 से 27 सितंबर, एमए एजुकेशन (सीबीसीएस) द्वितीय सेमेस्टर 16 से 26 सितंबर, एमए एजुकेशन (ओल्ड कोर्स) द्वितीय सेमेस्टर 16 से 21, एमए सोशियोलाजी द्वितीय सेमेस्टर 16 से 27, बीवोक रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलाजी द्वितीय सेमेस्टर 19 से 28, बीवोक रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलाजी चौथे सेमेस्टर 19 से 26 सितंबर, बीवोक रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलाजी चौथे सेमेस्टर (ओल्ड) 21 से 26 सितंबर, एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी द्वितीय सेमेस्टर 16 से 28 सितंबर, एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी चौथे सेमेस्टर 19 से 26 सितंबर, एमएससी जूलाजी द्वितीय सेमेस्टर 19 से 27 सितंबर, एमएससी जूलाजी द्वितीय सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) 20 से 26 सितंबर तक आयोजित की जाएंगी।

लवि : 47 केंद्रों पर होंगी बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड द्वितीय सेमेस्टर-2022 की परीक्षाओं के लिए शनिवार को फाइनल केंद्रों की सूची वेबसाइट पर जारी कर दी है। परीक्षाओं के लिए 47 केंद्र तय किए गए हैं। अभी तक प्रस्तावित सूची में इनकी संख्या 28 थी। वेबसाइट के से केंद्र देख सकते हैं।

बीए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 14 सितंबर से शुरू होंगी। इसमें 11,734 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि आपत्तियों के निस्तारण के बाद फाइनल सूची में 47 केंद्र और 15 नोडल सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र 11 सितंबर से डाउनलोड कर सकते हैं। बीएजेएमससी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए लवि के पुराने परिसर को ही केंद्र बनाया गया है। यहां नौ कालेजों के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इसका विवरण वेबसाइट पर जारी किया गया है। बीएजेएमससी द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 12 से 23 सितंबर और इसके ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 12 से 24 सितंबर तक होंगी।

लवि : 2186 अभ्यर्थियों ने दी पीजी प्रवेश परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले लिए शनिवार से प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत हो गई। दोनों पालियों में 2186 अभ्यर्थी शामिल हुए। वहीं, 676 ने परीक्षा छोड़ दी। पहले दिन सुबह की पाली में 11.30 से 2.30 बजे तक एमएड के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। कैंपस के दो केंद्रों पर 1675 के सापेक्ष 1180 अभ्यर्थी शामिल हुए। इसी तरह शाम की पाली में चार से 5.30 बजे तक एक केंद्र पर कंप्यूटर साइंस, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी तथा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय की परीक्षा में 511 में से 330 उपस्थित रहे।

छात्रावास आवंटन के लिए आवेदन 16 तक

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों के अर्ह विद्यार्थियों को शैक्षिक सत्र 2022-23 के लिए छात्रावासों के पुन: आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी। छात्रावास लेने के लिए विद्यार्थियों को हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम एप डाउनलोड कर 16 सितंबर तक आवेदन करना होगा। साथ ही जरूरी अभिलेख भी अपलोड करने होंगे। इसके लिए www.luhostel.in का लिंक भी जारी किया गया है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने वेबसाइट पर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। (जासं)

नकल के आरोप में पकड़ा

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को एमएससी और एमए की सेमेस्टर परीक्षा के दौरान दो छात्रों को नकल के आरोप में पकड़ा। सुबह पाली में पीजी ब्लाक में नौ बजे से एमए इकोनामिक्स की परीक्षा चल रही थी। प्राक्टोरियल बोर्ड जांच करने पहुंचा तो एक छात्र के पास मोबाइल मिला। उसे जब्त कर नकल के आरोप में कार्रवाई की गई। प्राक्टर कार्यालय के पास बने कंडक्ट हाल में एमएससी द्वितीय सेमेस्टर (सांख्यिकी) के एक छात्र के पास पर्ची बरामद हुई। दोनों पालियों में हुई यूजी-पीजी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं में 26,526 शामिल हुए। 104 अनुपस्थित रहे। (जासं)

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

हॉस्टल आवंटन तक की प्रक्रिया अब ऑनलाइन

लविवि में कुलपति ने लॉन्च किया हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल

माई सिटी रिपोर्टर

हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल शनिवार को लविवि में किया गया लॉन्च। -संवाद

लखनऊ। लविवि में छात्रावास के लिए आवेदन, मेरिट जारी करने व फीस जमा करने से लेकर आवंटन तक की पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन होगी। इसके लिए विवि प्रशासन ने शनिवार को हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल लॉन्च किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मैत्री भवन में इसकी शुरुआत की।

अभी तक विद्यार्थी विश्वविद्यालय में प्रवेश मिलने के बाद हॉस्टल के लिए हार्ड कॉपी में आवेदन करते थे। आवेदन, आवंटन, फीस जमा करने तक की प्रक्रिया अलग-अलग जगह पूरी होती थी, जिसमें काफी समय लगता था। कई बार इसे लेकर आरोप भी लगते थे, लेकिन अब कोई परेशानी नहीं होगी। कोशिश होगी कि प्रवेश के साथ ही विद्यार्थियों को हॉस्टल का आवंटन कर दिया जाए और वे उसमें रहना भी शुरू कर दें।

उन्होंने बताया कि हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल स्टूडेंट्स कॉर्नर में मिलेगा। प्रवेश के समय विद्यार्थी इसके लिए आवेदन करेंगे। प्रवेश मेरिट के साथ-साथ हॉस्टल आवंटन की मेरिट भी अलग से जारी कर दी जाएगी। इसके बाद विद्यार्थी ऑनलाइन फीस जमा कर देंगे और खाली सीटों के सापेक्ष उन्हें कमरे का आवंटन कर दिया जाएगा। बताया कि हॉस्टल की वित्तीय व्यवस्था के लिए एफओ व डीएसडब्ल्यू और डीएसडब्ल्यू व चीफ प्रोवोस्ट का अकाउंट खोला गया है। इससे ही सारे वित्तीय लेन-देन होंगे। अवसर पर कुलसचिव डॉ. संजय मेधावी, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, समन्वयक प्रवेश प्रो. पंकज माथुर, ओएसडी आईएमएस प्रो. विनीता काचर आदि थे।

खाली सीटों की जानकारी एक क्लिक पर

डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विवि में महिला-पुरुष के 17 छात्रावास हैं और इनमें लगभग 2200 सीटें हैं। इनका एलॉटमेंट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगा। इतना ही इस पर यह जानकारी भी होगी कि छात्रावास के किस कमरे में कौन विद्यार्थी रह रहा है। कमरा खाली होने पर भी इससे जानकारी मिल जाएगी। साथ ही प्रोवोस्ट व फीस की भी सूचना उपलब्ध रहेगी। पोर्टल एडमिशन पोर्टल से जुड़ा होगा और उसी के साथ काम करेगा।

री-एलॉटमेंट के लिए आवेदन शुरू

चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार से यूजी-पीजी के विद्यार्थियों को नए सत्र 2022-23 के लिए हॉस्टल री-एलॉटमेंट की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। अभ्यर्थी हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल से आवेदन करेंगे। इसके साथ 16 सितंबर तक अपने जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

एमएड प्रवेश परीक्षा में 70 फीसदी हुए शामिल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में पीजी की 4770 सीटों पर प्रवेश के लिए घमासान शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन एमएड व अन्य विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 70 फीसदी से अधिक विद्यार्थियों ने शिरकत की। सुबह की पाली में 1180 उपस्थित थे। शाम की पाली में भी उपस्थिति 70 फीसदी रही।

लविवि में बीटेक, बीफार्मा व एमसीए फर्स्ट सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक को सूचित किया है कि एकेटीयू से आयोजित केंद्रीयकृत काउंसिलिंग से एडमिशन होगा। बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 120 व अन्य बीटेक की ब्रांचों में 60-60 सीटें हैं। बीफार्मा में 100 और एमसीए में 30 सीटें हैं।

क्रिश्चियन कॉलेज ने शनिवार को बीए व बीएससी मैथ्स में प्रवेश के लिए पहली मेरिट जारी कर दी। बीए की 460 सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 14 से और बीएससी मैथ्स की 13 सितंबर से शुरू होगी। उधर, नेशनल पीजी कॉलेज व लखनऊ पब्लिक कालेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में बीएससी मैथ्स ग्रुप की 300 सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग दूसरे दिन भी हुई। दो दिन में 250 सीटों पर प्रवेश हुआ है। बची 50 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 12 सितंबर की सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

बीएड सेकेंड सेमेस्टर परीक्षा 47 केंद्रों पर

14 से शुरू हो रही हैं परीक्षाएं, विस्तृत सूची जारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों की बीएड सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षाएं लखनऊ समेत पांच जिलों के 47 केंद्रों पर होंगी। विवि प्रशासन ने शनिवार को परीक्षा केंद्रों की विस्तृत सूची जारी की। इसे वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है।

बीएड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 14 सितंबर से शुरू हो रही हैं। इसमें 11,734 विद्यार्थी शामिल होंगे। लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी व रायबरेली के 47 केंद्रों पर होने वाली परीक्षा के लिए 15 नोडल केंद्र भी बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि सीएसएन पीजी कॉलेज हरदोई, राणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय हरदोई, डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज हरदोई, राजकीय महाविद्यालय पिहानी हरदोई, वाईडी पीजी कॉलेज खीरी, लखनऊ विश्वविद्यालय, फिरोज गांधी कॉलेज रायबरेली, डॉ. अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय रायबरेली, सर्वोदय विद्यापीठ पीजी कॉलेज रायबरेली, बैसवार डिग्री कॉलेज रायबरेली, आरएमपी पीजी कॉलेज सीतापुर, एफएए राजकीय डिग्री कॉलेज सीतापुर, श्री गांधी डिग्री कॉलेज सीतापुर, कृष्णपाल सिंह महाविद्यालय सीतापुर को नोडल केंद्र बनाया गया है।

बीजेएमसी परीक्षा का केंद्र सिर्फ लविवि में

लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों की बीजेएमसी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए सिर्फ लखनऊ विश्वविद्यालय को केंद्र बनाया गया है। विवि ओल्ड कैंपस स्थित केंद्र पर सिटी एकेडमी डिग्री कॉलेज, कालीचरण डिग्री कॉलेज, लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, आर्यकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रजत वूमेन कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, स्टडी हाल, इंटीग्रल एंड इनोवेटिव सस्टेनेबल एजुकेशन कॉलेज की परीक्षा होगी।

सेमेस्टर परीक्षा में दो नकलची पकड़े गए

विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों में चल रही स्नातक के सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा में शनिवार को दो नकलची पकड़े गए। जानकारी के अनुसार सुबह की पाली में विवि ओल्ड कैंपस स्थित केंद्र में एमए इकोनॉमिक्स के छात्र के पास मोबाइल मिला तो एमएससी सेकेंड सेमेस्टर स्टेटिस्टिक का छात्र पर्चे से नकल करता पकड़ा गया। पंजीकृत 11,477 में से 42 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। शाम की पाली में 15,049 में से 62 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

छोटे-छोटे बदलाव कर नैक में पाई एप्लस प्लस रैंकिंग

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय में आईक्यूएसी की ओर से नैक तैयारियों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता लविवि आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. राजीव मनोहर ने सभी विभागों व उनसे जुड़े शिक्षकों को नैक के संबंध में मांगे जाने वाले दस्तावेज बनाते समय रखी जाने वाली सावधानियों, बारीकियों की जानकारी दी। बताया कि छोटे-छोटे बदलाव करके लविवि ने एप्लस प्लस रैंकिंग हासिल की है।



प्रो. राजीव मनोहर

कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने प्रो. राजीव को स्मृति चिह्न भेंट किया। आईक्यूएसी के अध्यक्ष प्रो. सैय्यद हैदर अली ने अतिथि का स्वागत किया। अवसर पर प्रो. सौबान सईद समन्वयक नैक व नैक कमेटी के सदस्य डॉ. दोआ नकवी, डॉ. तनु डंग, शान-ए-फातिमा, डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी, डॉ. आमिना हुसैन व डॉ. जावेद अख्तर आदि शिक्षक थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

एमए विमन स्टडीज की 30 सीटों पर सिर्फ 9 आवेदन

एलयू पीजी के आठ पाठ्यक्रमों में नहीं कराएगा दाखिला परीक्षा

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू आठ पीजी पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला परीक्षा नहीं कराएगा। इन पाठ्यक्रमों में आवेदनों की संख्या सीटों की तादाद से बहुत कम है यानी जो कोई भी इन पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए अप्लाई करेगा, उसे आसानी से एडमिशन मिल जाएगा। जिन पीजी पाठ्यक्रमों में एलयू को कम आवेदन मिले हैं, वे ज्यादातर कला संकाय से हैं।

एमए विमन स्टडीज में सबसे कम आवेदन आए हैं। इनमें 30 सीटों पर दाखिले के लिए कुल नौ आवेदन मिले हैं। मास्टर इन आचार्य की 20 सीटों के लिए पांच उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। ऐसी ही स्थिति एमए (बिजनेस इकोनॉमिक्स) की है, जिसमें 60 सीटों के लिए 19 अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरे हैं। लिंग्विस्टिक (भाषा विज्ञान) कोर्स की 30 सीटों पर 17 आवेदन, फारसी (पर्शियन) की 30 सीट पर 15 आवेदन, एमए (फ्रेंच) की 10 सीट पर 11 आवेदन और एमए अरब कल्चर की 30 सीट पर 19 आवेदक हैं। यही नहीं, एमएससी पत्रकारिता और जनसंचार की 40 सीटों के लिए 37 आवेदकों ने फॉर्म भरे हैं।

एलयू एडमिशन को-ऑर्डिनेटर प्रो. पंकज माथुर बताते हैं कि कुछ पाठ्यक्रमों में आवेदक सिंगिल डिजिट में हैं। ऐसे में विवि इन पाठ्यक्रमों को चलाएगा क्योंकि ये कोर्स नियमित समाज का हिस्सा हैं। इसी तरह कम आवेदन वाले स्व-वित्त पाठ्यक्रम में कुल सीटों की तुलना में 60 फीसदी आवेदन हैं, तो उन्हें भी जारी रखा जाएगा। एलयू के विषय विशेषज्ञों के अनुसार, इन आठ पाठ्यक्रमों में कम आवेदन इसलिए हुए हैं, क्योंकि ये विषय नौकरी के अधिक अवसर प्रदान नहीं करते हैं।

NBT PAGE 5

एलयू में अब हॉस्टल आवंटन ऑनलाइन

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं को अपने छात्रावास के विकल्पों को लॉक करने, फीस या अन्य दस्तावेज जमा करने के लिए विवि आने की जरूरत नहीं होगी। एलयू ऑनलाइन छात्रावास प्रबंधन प्रणाली (एचएमएस) पोर्टल शुरू किया है। यानी छात्रावास से संबंधित सभी काम घर बैठे हो सकेंगे। विवि के कुलपति प्रो. एके राय ने शनिवार को इस पोर्टल की शुरुआत की।

एलयू ने एचएमएस पोर्टल luhostel.in लॉन्च किया

सुचारू और मजबूत प्रणाली

कार्यक्रम में प्रो. एके राय ने बताया कि इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए सभी छात्रों को luhostel.in पर ऑनलाइन जाना होगा। छात्रावास प्रबंधन प्रणाली हमारे छात्रों के लिए छात्रावास से संबंधित प्रक्रिया को सुचारू और मजबूत करने के लिए है। यह स्टाफ और मैनुअल छात्रावास से संबंधित काम को कम करेगा और छात्र के लिए अब सब कुछ ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। ऑनलाइन प्रणाली में प्रत्येक छात्र के लिए छात्रावास, कमरा नंबर, प्रोवोस्ट के नाम और शुल्क का विवरण समेत सभी डिटेल इस पोर्टल पर रहेगी।

संगठित रिकॉर्ड रखने में मिलेगी मदद

वहीं डीन छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि एचएमएस छात्रावास प्रबंधन सॉफ्टवेयर छात्रावास सुविधा का इस्तेमाल करने वाले सभी छात्रों का एक संगठित रिकॉर्ड रखने में मदद करेगा। एचएमएस पोर्टल पर, छात्रावास सीटों को योग्यता (रैंक, प्रतिशत) के क्रम में आवेदकों को आवंटित किया जाएगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय के वीसी ने ऑनलाइन छात्रावास प्रबंधन प्रणाली (एचएमएस) पोर्टल की शुरुआत की।

एलयू के हॉस्टलों में हैं 2500 कमरे

उन्होंने कहा कि किसी विद्यार्थी को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या अक्षमताओं के वाद विशेष कमरे की प्राथमिकता है, तो वह ऑनलाइन अप्लीकेशन जमा कर सकता है। एलयू के दोनों परिसरों में लड़कों के लिए 10 और लड़कियों के लिए सात छात्रावास हैं, इनमें लगभग 2500 हॉस्टल के रूम हैं, अब एचएमएस के कार्यात्मक होने में समय नहीं लगेगा।

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू: पीजी में नौ विषयों की सीटें तीन साल से खाली, नहीं आ रहे छात्र

■ जावेद मुस्तफा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक पाठ्यक्रमों (पीजी) में कई ऐसे विषय हैं। जिनके प्रति छात्रों में रुझान बढ़ने के बजाय खत्म हो रहा है। पीजी के नौ विषय ऐसे हैं जिनकी सीट के बराबर आवेदन पिछले तीन साल से नहीं आए। इसलिए इन विषयों की सीटें पिछले तीन वर्षों में कभी भी भरी नहीं। एमए में आचार्य, अरब कल्चर, बिजनेस इकोनॉमिक्स, लिंग्विस्टिक, पर्शियन, मास्टर ऑफ पॉपुलेशन स्टडीज ऐसे विषय हैं जिनमें छात्र-छात्राओं की रुचि नहीं दिख रही।

वहीं एमए कम्पोजिट हिस्ट्री-वेस्टर्न हिस्ट्री के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। एमए कम्पोजिट हिस्ट्री-वेस्टर्न हिस्ट्री में वर्ष 2020 में 76 सीटों के सापेक्ष 248 आवेदन थे लेकिन वर्ष 2021 और 2022 में आवेदन कई गुणा कम हो गए। 2021 में सिर्फ 23 और 2022 में सिर्फ 39 आवेदन आ सके।

ऐसा ही हाल एमएससी मास कम्युनिकेशन इन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी कोर्स का है। जिसमें 40 सीटों पर 2020 में 12, 2021 में 21 एवं 2022 में 37 आवेदन आए हैं। पॉपुलेशन स्ट्डीज में साल दर साल आवेदन कम होते गए। एमए फ्रेंच में 10 सीट हैं बीते दो वर्षों में सात और आठ और 2022 में सीट से एक ज्यादा 11 आवेदन आए।

39 आवेदन बचे कम्पोजिट वेस्टर्न हिस्ट्री में, 248 थे

10 सीटें हैं एमए फ्रेंच में और आवेदन सिर्फ 11 आए

इन कोर्स पर संकट, में तीन वर्षों से नहीं भरी सीटें

पाठ्यक्रम	सीट	2020	2021	2022
एमए आचार्य	20	02	04	05
एमए अरब कल्चर	30	02	08	19
एमए बिजनेस इकोनॉमिक्स	60	26	18	19
एमए लिंग्विस्टिक	30	20	22	17
एमए पर्शियन	30	05	14	15
एमए वीमेंस स्ट्डीज	30	10	07	09
एमए कम्पोजिट हिस्टी, वेस्टर्न हिस्ट्री	76	248	23	39
मास्टर ऑफ पॉपुलेशन स्ट्डीज	40	37	35	32
एमएससी मास कम्यूनिकेशन इन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी	40	12	21	37

नौकरी की उम्मीद ने बढ़ाया रुझान

विश्वविद्यालय में कुछ पाठ्यक्रम आउटडेटेट होने की वजह से सीट के बराबर आवेदन नहीं पा रहे। वहीं कुछ ऐसे भी पाठ्यक्रम हैं जिनमें आवेदन सीट की तुलना में बहुत ज्यादा है। इन पाठ्यक्रमों में सबसे ज्यादा नौकरी की उम्मीद अभ्यर्थियों की खींच रही है। एलएलबी, एलएलएम, एमबीए, एमएड, एमएससी बॉटनी प्लांट साइंस-प्लांट साइंस- माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी केमेस्ट्री, फॉर्मास्टिकल केमेस्ट्री, एमएसी जूलॉजी, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिए रुझान बढ़ा है।

इन कोर्स में तीन वर्ष में लगातार बढ़ते गए आवेदन

पाठ्यक्रम	सीट	2020	2021	2022
एलएलबी	320	4292	4479	5786
एलएलएम	60	2087	2399	2504
एमकॉम	180	1181	1453	1581
एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स	180	390	541	558
एमएड	20	1135	1187	1675
एमएससी जूलॉजी	50	576	826	945
एमएससी बायोटेक्नोलॉजी	30	259	375	384

HINDUSTAN PAGE 8

एलयूः छात्रावास पंजीकरण चयन ऑनलाइन करेंगे छात्र

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को हास्टल आवंटन के लिए एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय नहीं भटकना पड़ेगा। विश्वविद्यालय में हॉस्टल आवंटन प्रक्रिया को ऑनलाइन करते हुए हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल www.luhostel.in लांच कर दिया गया है। पोर्टल को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने एलयू के सीपीएमटी भवन में लांच किया।

एलयू में यह पहली बार है कि पंजीकरण करने और छात्रावास की सुविधाओं के उपयोग में मदद के लिए आनलाइन पोर्टल बनाया गया है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने बताया कि छात्रावास प्रबंधन प्रणाली, छात्रावासों की सूची, चयनित छात्रों का विवरण, शुल्क संग्रह, कमरे के आवंटन और अन्य संबंधित जानकारियां आसानी से ऑनलाइन मिलेंगी। आवंटन के दौरान छात्रावास, कमरा संख्या, प्रोवोस्ट का नाम और शुल्क का विवरण होगा जिससे छात्र प्राथमिकताएं बता सकेंगे।

पुनः आंवटन के आवेदन 16 तक

प्रो. पूनम टण्डन ने बताया कि यूजी-पीजी के जो छात्र हास्टल में हैं, उनको 16 सितम्बर तक पुनः ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को भी हास्टल आवंटन पोर्टल के माध्यम से ही किया जाएगा। मेरिट के आधार पर छात्रों को सीटें आवंटित की जाएंगी।

पीजी प्रवेश परीक्षा शुरू एमएड में 495 रहे गायब

एलयू में शनिवार से पीजी प्रवेश परीक्षा शुरू हो गई। परीक्षा दो पाली में हो रही है। पहले दिन सुबह की पाली में एमएड के लिए प्रवेश परीक्षा हुई वहीं दूसरी पाली में कम्प्यूटर साइंस, फूड प्रोसेसिंग एण्ड फूड टेक्नोलॉजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के लिए अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। एमएड के लिए 1675 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था लेकिन 495 शामिल नहीं हुए। 1145 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं शाम की पाली में कम्प्यूटर साइंस की प्रवेश परीक्षा में 100 पंजीकृत थे। 68 शामिल हुए, 32 ने परीक्षा से किनारा कर दिया।

बीएससी एग्रीकल्चर आनर्स का परिणाम जारी

एलयू ने प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए। बीएससी एग्रीकल्चर आनर्स, एमए एन्थ्रोपॉलीजी, पीजी डिप्लोमा गर्भ संस्कार, एमपीएच पब्लिक हेल्थ समेत अन्य के परिणाम जारी किए गए।

बीएड परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की बीएड द्वितीय सेमेस्टर के फाइनल परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी कर दी गई है। परीक्षा के लिए 14 नोडल एवं 47 परीक्षा केन्द्र लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर एवं रायबरेली में बनाए गए हैं। नोडल केन्द्र एलयू को बनाया है।

TOI PAGE 3

LU hostel services at one click now

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Students of Lucknow University will no more need to visit the campus to opt for hostel facility, submission of fees and other related works as the varsity has come up with Hostel Management System (HMS) portal that will enable them to avail all the services at a single click. LU vice-chancellor AK Rai launched the online portal on Saturday.

The VC said the online portal is aimed at ensuring smooth and hassle-less hostel services to the students. It will reduce the manpower whereas students will no longer need to rush to the dean students' welfare's office with documents, as everything will be available online. Dean students' welfare Prof Poonam Tandon said HMS will help keep a record of all students using the hostel facility. Seats will be allotted to applicants on merit basis (rank/percentage). Besides, it will ensure transparency as a complete data of a hosteller will be available at one place, she stated.

PIONEER PAGE 3

लविवि वीसी ने किया छात्रावास प्रबंधन सेवाओं का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● अब ऑनलाइन पोर्टल की मदद से छात्र बेहतर ढंग से कर सकेंगे छात्रावास की सुविधाओं का उपयोग

लखनऊ विश्वविद्यालय के मैत्री भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए छात्रावास से संबंधित प्रक्रिया को सुचारू और मजबूत करने के लिए छात्रावास प्रबंधन सेवाओं का शुभारंभ किया।

उन्होंने डिजिटलाइजेशन और तकनीक के माध्यम से छात्रों के जीवन में सुधार और बदलाव लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्रावास प्रबंधन सभी संस्थानों में एक आवश्यक विशेषता बन चुकी है क्योंकि इसमें संपूर्ण आवासीय सुविधा के कई पहलुओं का कुशलतापूर्वक प्रबंधन और मैनुअल काम को कम करना शामिल रहता है। लखनऊ विश्वविद्यालय में यह पहली बार है कि छात्रों को आसानी से पंजीकरण करने और छात्रावास की सुविधाओं के बेहतर ढंग से उपयोग करने में मदद करने के लिए इस ऑनलाइन पोर्टल को बनाया गया है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि छात्रावास प्रबंधन प्रणाली, छात्रावासों की सूची, छात्रावासों के लिए चयन करने वाले छात्रों, शुल्क संग्रह, कमरे के आवंटन, और तथा अन्य संबंधित जानकारियों के बारे में विभिन्न विवरणों के प्रबंधन के लिए विकसित किया गया है। पोर्टल सिस्टम पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान छात्रों की जानकारी एकत्र करेगा और छात्रों को छात्रावास चुनने के लिए सारी जानकारी प्रदान करेगा। इसके अलावा आवंटन के दौराए ऑनलाइन प्रणाली प्रत्येक छात्र के लिए छात्रावास, कमरा संख्या, प्रोवोस्ट का नाम और शुल्क का विवरण प्रदान करेगी जहां वे प्रक्रिया के लिए अपनी प्राथमिकताएं दे सकेंगे। कुल मिलाकर एचएमएस छात्रावास प्रबंधन इस पोर्टल के माध्यम से छात्रावास सुविधा का उपयोग करने वाले सभी छात्रों का संगठित रिकॉर्ड रखने में मदद करेगा।

प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर राय ने हमेशा डिजिटल तकनीक के उपयोग पर जोर दिया है ताकि कार्यालय प्रशासन में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाई जा सके। एचएमएस पोर्टल शुरू होने के बाद आवेदकों को मेरिट के आधार पर छात्रावास की सीटें आवंटित की जाएंगी (रैंक/प्रतिशत) अधिकतम शैक्षणिक विषयों को प्रतिनिधित्व देते हुए सभी जानकारी अब उपलब्ध होगी, जबकि पूर्व मे यह प्रक्रिया हार्ड कॉपी फॉर्म एवं फ ीस विश्वविद्यालय काउंटर से मैनुअल प्रणाली के द्वारा जमा की जाती थी।

अधिष्ठाता छात्रकल्याण की संस्तुति पर माननीय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने हाल ही में एक छात्रावास प्रवेश समिति का गठन भी किया था। जिसमें मुख्य अभिरक्षक इसके संयोजक और अपर अधिष्ठाता छात्रकल्याण और हॉल के अभिरक्षक सदस्य के रूप में हैं। यह समिति सभी छात्रावासों के लिए छात्रावास आवंटन की देखभाल कर रही है।

एचएमएस पोर्टल लॉचिंग के इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. संजय मेधावी, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, अपर अधिष्ठाता छात्र कल्याण और प्रोवोस्ट आदि भी उपस्थित रहे।

i-NEXT PAGE 3

लखनऊ युनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को अब नहीं करनी पड़ेगी हॉस्टल आवंटन के लिए दौड़भाग
टेंशन होगी दूर, ऑनलाइन मिलेगा हॉस्टल

लखनऊ विश्वविद्यालय ने किया हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम का शुभारंभ

CONCEPT PIC



LUCKNOW (10 SEPT): एलयू स्टूडेंट्स को अब हॉस्टल आवंटन के लिए इधर-उधर दौड़ लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी. अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी. घर बैठे ही स्टूडेंट्स हॉस्टल के लिए आवेदन कर सकेंगे. आवंटन होने की जानकारी ऑनलाइन मिलेगी. फीस भी ऑनलाइन ही जमा होगी. इसके लिए विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को मैत्री भवन में हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम का शुभारंभ किया. उन्होंने बताया कि एलयू में यह पहली बार है कि छात्रों को आसानी से रजिस्ट्रेशन करने और हॉस्टल की सुविधाओं के बेहतर ढंग से उपयोग करने में मदद करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल बनाया गया है.

17 हॉस्टलों में 2500 सीटें

एलयू में दोनों परिसर मिलाकर कुल 17 हॉस्टल हैं. इनमें अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक सहित 10 लड़कों व सात लड़कियों के लिए हैं. इसकी आवंटन क्षमता लगभग 2500 सीटों की हैं. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदकों को मेरिट के आधार पर हॉस्टल की सीटें आवंटित की जाएंगी. (रैंक एवं प्रतिशत) अधिकतम शैक्षणिक विषयों को प्रतिनिधित्व देते हुए सभी जानकारी अब उपलब्ध होगी.

हॉस्टल आवंटन के लिए आवेदन 16 तक

एलयू ने स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के अर्ह स्टूडेंट्स के लिए हॉस्टलों के पुनः आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है. हॉस्टल लेने के लिए स्टूडेंट्स को हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम एप डाउनलोड करके 16 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा. साथ ही जरूरी अभिलेख भी अपलोड करने होंगे. इसके लिए www.luhostel.in का लिंक भी जारी किया गया है.

एक क्लिक पर डिटेल

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि अभी तक हॉस्टल के लिए ऑफलाइन फार्म भरने, आवंटन के बाद फीस काउंटर पर जमा करनी होती थी. अब हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत सभी हॉस्टल की सूची ऑनलाइन रहेगी. इसके चयन के लिए आवेदन से लेकर फीस जमा करने, कमरे का आवंटन सहित सब कुछ ऑनलाइन होगा. पोर्टल सिस्टम पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान छात्रों की जानकारी एकत्र करेगा. छात्रों को हॉस्टल चुनने के लिए सारी जानकारी देगा. आवंटन के दौरान ऑनलाइन प्रणाली हर छात्र के लिए हॉस्टल, कमरा संख्या, प्रोवोस्ट का नाम और फीस का विवरण प्रदान करेगी. स्टूडेंट्स अपनी प्राथमिकताएं दे सकेंगे. इस पोर्टल के माध्यम से हॉस्टल सुविधा का उपयोग करने वाले सभी छात्रों का संगठित रिकॉर्ड भी रखा जा सकेगा.

बीएड सेकंड सेमेस्टर एग्जाम 47 केंद्रों पर

एलयू ने बीएड सेकंड सेमेस्टर एग्जाम के लिए शनिवार को फाइनल केंद्रों की सूची वेबसाइट पर जारी कर दी है. परीक्षाओं के लिए 47 केंद्र तय किए गए हैं. अभी तक प्रस्तावित सूची में इनकी संख्या 28 थी. स्टूडेंट्स वेबसाइट पर केंद्र देख सकते हैं. बीए सेकंड सेमेस्टर एग्जाम 14 से शुरू होंगे. इसमें 11,734 विद्यार्थी शामिल होंगे. बीते 5 सितंबर को एलयू ने प्रस्तावित केंद्रों की सूची जारी कर 6 सितंबर को शाम पांच बजे तक कॉलेजों से आपत्ति मांगी थी. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि आपत्तियों के निस्तारण के बाद फाइनल सूची में 47 केंद्र और 15 नोडल सेंटर बनाए गए हैं. अभ्यर्थी प्रवेश पत्र 11 सितंबर से डाउनलोड कर सकते हैं. बीएजेएमससी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए लवि के पुराने परिसर को ही केंद्र बनाया गया है. यहां नौ कालेजों के विद्यार्थी परीक्षा देंगे. बीएजेएमससी द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 12 से 23 सितंबर और इसके ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 12 से 24 सितंबर तक होंगी.

बीवीए के एग्जाम 12 तो बीकॉम आनर्स के 16 से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

LUCKNOW (10 SEPT): एलयू ने बीकॉम आनर्स सेकेंड सेमेस्टर सहित पीजी के विभिन्न कोर्सों का कार्यक्रम जारी कर दिया. बीवीए टेक्सटाइल डिजाइन सेकंड सेमेस्टर एग्जाम 12, 13 सितंबर, एमवीए टेक्सटाइल डिजाइन सेकंड सेमेस्टर एग्जाम 14 से 16 सितंबर तक होंगे. मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट सेकंड सेमेस्टर 14 से 28 सितंबर, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एवं इंफार्मेशन साइंस सेकंड सेमेस्टर 14 से 26 सितंबर तक एग्जाम होंगे. पीजी सेकंड सेमेस्टर के एग्जाम शुरू हो चुके हैं, लेकिन कई कोर्स के परीक्षा कार्यक्रम शनिवार को भी जारी किए गए. इनमें एमए डिफेंस स्टडीज सेकंड सेमेस्टर 14 से 27 सितंबर, एमए उर्दू सेकंड सेमेस्टर 14 से 27 सितंबर, बीवोक रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलाजी सेकंड सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) 14 से 28 सितंबर, बीबीए टूरिज्म सेकंड सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षा 16 से 26 सितंबर को होगी.

बाकी एग्जाम प्रोग्राम

- ओल्ड कोर्स की परीक्षा 16 से 26 सितंबर
- एमए संस्कृत सेकंड सेमेस्टर (सीबीसीएस) 16 से 27 सितंबर
- एमए संस्कृत सेकंड सेमेस्टर ओल्ड कोर्स 16 से 26 सितंबर
- बीकाम आनर्स सेकंड सेमेस्टर 16 से 27 सितंबर
- एमए एजुकेशन (सीबीसीएस) सेकंड सेमेस्टर 16 से 26 सितंबर
- एमए एजुकेशन (ओल्ड कोर्स) सेकंड सेमेस्टर 16 से 21 सितंबर

नोट- एग्जाम की पूरी डिटेल एलयू की वेबसाइट पर मौजूद है.

2186 अभ्यर्थियों ने दी पीजी प्रवेश परीक्षा

LUCKNOW (10 SEPT): लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले लिए शनिवार से प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत हो गई. दोनों पालियों में 2186 अभ्यर्थी शामिल हुए. वहीं, 676 ने परीक्षा छोड़ दी. पहले दिन सुबह की पाली में 11.30 से 2.30 बजे तक एमएड के लिए प्रवेश परीक्षा हुई. कैंपस के दो केंद्रों पर 1675 के सापेक्ष 1180 अभ्यर्थी शामिल हुए. इसी तरह शाम की पाली में चार से 5.30 बजे तक एक केंद्र पर कंप्यूटर साइंस, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी तथा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय की परीक्षा में 511 में से 330 उपस्थित रहे.

छात्र के पास मिला मोबाइल

लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को एमएससी और एमए की सेमेस्टर परीक्षा के दौरान दो छात्रों को नकल के आरोप में पकड़ा. सुबह की पाली में पीजी ब्लाक में नौ से 12 बजे तक एमए इकोनामिक्स की परीक्षा चल रही थी. प्राक्टोरियल बोर्ड जांच करने पहुंचा तो एक छात्र के पास मोबाइल मिला. उसे जब्त कर उसके खिलाफ नकल के आरोप में कार्रवाई की गई. वहीं, प्राक्टर कार्यालय के पास बने कंडक्ट हाल में एमएससी द्वितीय सेमेस्टर (सांख्यिकी) के एक छात्र के पास पर्ची बरामद हुई. उसके खिलाफ भी कार्रवाई की गई.

AMRIT VICHAR PAGE 8

एमएड की प्रवेश परीक्षा में 495 परीक्षार्थी अनुपस्थित

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित हुई परीक्षा

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत एमएड की प्रवेश परीक्षा प्रथम पाली में संपन्न हुई। प्रवेश परीक्षा 11.30 बजे से 2.30 बजे तक विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस के दो केंद्रों पर हुई।

इस परीक्षा में 1180 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 495 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं शाम की पाली में प्रवेश परीक्षा निम्नानुसार संपन्न हुई। इस परीक्षा में 69 परीक्षार्थी गायब रहे।

विश्वविद्यालय में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

छोटे-छोटे बदलाव कर पा सकते हैं नैक मूल्यांकन की ए ग्रेड

लखनऊ। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईक्यूएसी) की ओर से नैक संबंधी तैयारियों के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता के रूप में एलयू आईक्यूएसी के निदेशक प्रोफेसर राजीव मनोहर रहे। उन्होंने बताया कि नैक के अलग-अलग मानदंडों के अनुसार अलग-अलग तैयारियां किस प्रकार की जा सकती है।

पात्रों को ही मिलेगा हॉस्टल, शुरू हुई ऑनलाइन प्रक्रिया

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को छात्र-छात्राओं के हित में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों के ओर से हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल www.luhostel.in लांच कर दिया गया है। इससे अब छात्र-छात्राओं को हॉस्टल आवंटन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और अयोग्य छात्र जुगाड़ से हॉस्टल नहीं पा सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहली बार हॉस्टल आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए ये कदम उठाया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने एलयू के सीपीएमटी भवन में इसकी लांचिंग की है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि छात्रावास प्रबंधन प्रणाली, अब पूरी तरह ऑनलाइन होगी।

बीएड परीक्षा केन्द्रों की फाइनल सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की बीएड द्वितीय सेमेस्टर के फाइनल परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी कर दी गई है। परीक्षा के लिए 14 नोडल एवं 47 परीक्षा केन्द्र लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर एवं रायबरेली में बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए नोडल केन्द्र लखनऊ विश्वविद्यालय, हरदोई में सीएसपीजी कॉलेज महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय, डा.राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय पिहानी, लखीमपुर में वाईडी पीजी कॉलेज, सीडीएन पीजी कॉलेज, रायबरेली में फिरोज गांधी कॉलेज, डा. अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय को बनाया गया है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि में लांच हुआ हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को हास्टल आवंटन के लिए अब एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय नहीं भटकना पड़ेगा। विश्वविद्यालय में हॉस्टल आवंटन प्रक्रिया को ऑनलाइन करते हुए हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल लांच कर दिया गया है। पोर्टल को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने लविवि के सीपीएमटी भवन में लांच किया। लखनऊ विश्वविद्यालय में यह पहली बार है कि पंजीकरण करने और छात्रावास की सुविधाओं के उपयोग में मदद के लिए आनलाइन पोर्टल वनाया गया है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने वताया कि छात्रावास प्रबंधन प्रणाली, छात्रावासों की सूची, चयनित छात्रों का विवरण, शुल्क संग्रह, कमरे के आवंटन और अन्य संबंधित जानकारियां आसानी से ऑनलाइन मिलेंगी। आवंटन के दौरान छात्रावास, कमरा संख्या, प्रोवोस्ट का नाम और शुल्क का विवरण होगा, जिससे छात्र प्राथमिकताएं वता सकेंगे। हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम से छात्रावास सुविधा का उपयोग करने वाले सभी छात्रों का ऑनलाइन रिकॉर्ड रखा जा सकेगा। उन्होंने वताया कि यूजी-पीजी के जो छात्र हास्टल में रह रहे है, उनको 16 सितम्वर तक पुनः ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को भी हास्टल आवंटन पोर्टल के माध्यम से ही हास्टल दिया जाएगा।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 5

छात्रावास सुविधाओं के लिए पोर्टल शुरू

लविवि के कुलपति ने व्यवस्था बेहतर करने के लिए की शुरुआत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मैत्री भवन में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों के लिए छात्रावास से संबंधित प्रक्रिया को सुचारू और मजबूत करने के लिए छात्रावास प्रबंधन सेवाओं (एचएमएस) की शुरुआत किया। उन्होंने डिजिटलाइजेशन और तकनीक के माध्यम से छात्रों के जीवन में सुधार और बदलाव लाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि छात्रावास प्रबंधन सभी संस्थानों में एक आवश्यक विशेषता बन चुकी है क्योंकि इसमें संपूर्ण आवासीय सुविधा के कई पहलुओं का कुशलतापूर्वक प्रबंधन और मैनुअल काम को कम करना शामिल रहता है। विश्वविद्यालय में यह पहली बार है कि छात्रों को आसानी से पंजीकरण करने और छात्रावास की सुविधाओं के बेहतर ढंग से उपयोग करने में मदद करने के लिए इस आनलाईन पोर्टल को बनाया गया है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि छात्रावास प्रबंधन प्रणाली, छात्रावासों की सूची, छात्रावासों के लिए चयन करने वाले छात्रों, शुल्क संग्रह, कमरे के आवंटन और अन्य संबंधित जानकारियों के बारे में विभिन्न विवरणों के प्रबंधन के लिए विकसित किया गया है। पोर्टल सिस्टम पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान छात्रों की जानकारी एकत्र करेगा और छात्रों को छात्रावास चुनने के लिए सारी जानकारी देगा। इसके अलावा आवंटन के दौरान, ऑनलाइन प्रणाली प्रत्येक छात्र के लिए छात्रावास, कमरा संख्या, प्रोवोस्ट का नाम और शुल्क का विवरण देगा। जहां वे प्रक्रिया के लिए अपनी प्राथमिकताएं दे सकेंगे। एचएमएस पोर्टल लॉचिंग के अवसर पर कुलसचिव संजय मेधावी, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, अपर अधिष्ठाता छात्र कल्याण और प्रोवोस्ट आदि भी उपस्थित रहे।

लविवि में पीजी के सर्वाधिक आवेदन

पीजी व डिप्लोमा के 73 कोर्स को मिलाकर कुल 4717 सीटें उपलब्ध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय नैक ग्रेडिंग में ए++ रैंक हासिल करने के बाद लगातार नित्य नई ऊचाईयां हासिल कर रहा है। विश्वविद्यालय में इस बार के शैक्षणिक सत्र 2022-23 में परास्नातक (पीजी) व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में बीते तीन सालों में सर्वाधिक आवेदन आएहैं। इस बार कुल 28504 आवेदन आए है। यानी कि बीते तीन सालों में विश्वविद्यालय में पीजी व डिप्लोमा कोर्स के लिए छह गुना आवेदन आए है। फिलहाल विश्वविद्यालय में 4717 सीटें उपलब्ध है।

कोविड काल के बाद से छात्र-छात्राओं के अभिभावक अपने बच्चों को बाहर भेजने की अपेक्षा अपने ही शहर में पढ़ाने को ज्यादा वरियता दे रहे है। इसके परिणाम भी सामने आ रहे है। इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक में रिकार्ड तोड़ आवेदन प्राप्त हुए है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी आकड़ों के अनुसार विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में 19664 आवेदन मिले थे। उस वर्ष विश्वविद्यालय की तय सीटों के मुकाबले चार गुना से अधिक आवेदन मिले थे। वहीं शैक्षणिक सत्र 2021-22 में 24684 आवेदन मिले थे। इस प्रकार उस वर्ष विश्वविद्यालय की तय सीटें के मुकाबले पांच गुना आवेदन आए थे।

इस बार 28504 आवेदन, तय सीटों से छह गुना अधिक

अक्षय ऊर्जा के प्रति बढ़ी रूचि : लविवि में कुल एमएससी रिन्यूवल एनर्जी (अक्षय ऊर्जा) में बीते साल तीन आवेदन आवे थे जबकि इस बार 28 आवेदन आए है। इस कोर्स में कुल 25 सीटें है। वहीं एमएससी के अन्य कोर्स की बात की जाए तो बीते साल से कुछ कोर्स को छोड़कर शेष में आवेदन कुछ कम ही है।

एमए कोर्स में बम्पर आवेदन : विवि के एमए के कई पाठ्यक्रमों में बम्पर आवेदन आए है। इससे ही विश्वविद्यालय के सीटों के सापेक्ष तीन से चार गुना अधिक आवेदन मिले है। इस पर एआईएच में 285 आवेदन आए है जोकि बीते साल से सात अधिक आवेदन है। इसी तरह डिफेंस स्टडीज के प्रति छात्रों का रूझान बढ़ा है। बीते तीन सालों में 25 सीटों के लिए सबसे अधिक 54 आवेदन आए। इकोनॉमिक्स की 60 सीटों के लिए 545 आवेदन आए है। एजुकेशन की 30 सीटों के लिए 236 आवेदन आए है। इंग्लिश की 200 सीटों के लिए 718 आवेदन प्राप्त हुए। इसी क्रम में ज्योग्राफी की 60 सीटों के लिए 357 आवेदन, हिन्दी की 160 सीटों के लिए 456 आवेदन, होम साइंस की 40 सीटों के लिए 73 आवेदन, जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेशन में 50 सीटों के लिए 292 आवेदन, पॉलिटिकल साइंस में 120 सीटों के लिए 898 आवेदन और साइकोलॉजी की 70 सीटों के लिए 378 आवेदन आए है।

एमकॉम भी पीछे नहीं : लविवि में एमकॉम के दोनों विषयों में भी जमकर आवेदन हुए है। इसमें एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स की 180 सीटों के लिए 558 आवेदन मिले जबकि एमकॉम कामर्स की 180 सीटों के लिए 1581 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

HT PAGE 3

LU launches online hostel mgmt system

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

LUCKNOW: Lucknow University on Saturday launched an online hostel management system for strengthening the facilities at all the 17 hostels of the university.

Speaking on the occasion, vice-chancellor prof Alok Kumar Rai said hostel management is an essential feature in both large and small institutions as it involved efficiently managing several aspects of the residential facility and reducing staff and manual work.

Such a system has been created for the first time at the University of Lucknow to help the students easily register and use the hostel facilities in a better fashion, said dean (Students' Welfare) prof Poonam Tandon.

She said the hostel management system has been developed to manage various details, including the list of hostels, students opting for hostels, fee collection and room allotment among others.

During allotment, the online system will provide the details of the hostel, room number, provost name and charges for each student.

"Overall, HMS (hostel management system) will help in keeping an organised record of all students using the hostel facility through the hostel management software," an official said.

With the launch of hostel management system portal, hostel seats will be allotted to the applicants in order of merit (rank/percentage), giving representation to many academic disciplines.

All the information will be available now just a click away, instead of the earlier manual system of submission of hard copy forms and depositing fee for various heads at the university counter or the prescribed bank accounts.

There are 17 hostels (10 for boys including one for international students and seven for girls) having approximately 2,500 seats in the university for both the campuses.